කැලණිය විශ්වවිද්‍යාලය - ශ්‍රී ලංකාව

බාහිර විභාග අංශය

ශාස්ත්‍රවේදී (සාමාන්‍ය) උපාධි ද්විතීය පරීක්ෂණය (බාහිර) - 2009

(2010 මැයි / ජූනි)

මානවශාස්ත්‍ර පීඨය

හින්දී - HIND E 2015

# හින්දී ව්‍යාකරණය සහ හින්දී භාෂාවේ උද්භවය හා විකාසය

ප්‍රශ්න සංඛ්‍යාව : 05 යි කාලය : පැය 03 යි

---

ප්‍රශ්න සියල්ලට ම පිළිතුරු සපයන්න.
**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

---

01. निम्नलिखित शीर्षकों में से किसी **एक** पर लगभग **दो** पृष्ठों का निबंध लिखिए। (25 अंक)

 i. हमारे गाँव की सुंदरता
 ii. पुस्तकालय का लाभ
 iii. स्वतंत्रता का महत्व
 iv. मेरा प्रिय कहानीकार

**अथवा**

**आतंकवाद से मुक्त श्री लंका** का वर्णन करते हुए किसी भारतीय मित्र को लगभग **दो** पृष्ठों का पत्र लिखिए।

02. (क) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए। (2.5 अंक)

 i. अनुपम ii. पत्नी iii. शाम
 iv. कपड़ा v. समय

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए। (2.5 अंक)

 i. सज्जन ii. परार्थ iii. अंत
 iv. गुण v. सदुपयोग

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए। (05 अंक)

i. जिसके चार भुजाएँ हैं
ii. जिसका कोई नाथ न हो
iii. जिसके समान द्वितीय नहीं है
iv. जिसे भय नहीं है
v. पूजने योग्य

(घ) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए। (05 अंक)

i. श्री गणेश करना
ii. दातों तले उँगली दबाना
iii. अंग टूटना
iv. ईद का चाँद होना
v. किताब का कीड़ा होना

03. (क) संज्ञाओं का वर्गीकरण करते हुए भाववाचक संज्ञाओं का संपूर्ण परिचय दीजिए। (20 अंक)

**अथवा**

(ख) **में** और **से** विभक्ति प्रत्ययों के प्रयोग संबंधी नियमों का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

04. (क) निम्नलिखित गद्यांश का सिंहली में अनुवाद कीजिए। (10 अंक)

मानव समाज में नारी का महत्वपूर्ण स्थान है। वस्तुत: नारी के बिना सृष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। नारी के बिना पुरुष भी अधूरा है। वह पुरुष को पूर्ण बनाती है। नारी वात्सल्य और करुणा की मूर्ति है।

प्राचीन काल में शिक्षा के क्षेत्र में स्त्रियों को पुरुषों के समान ही अधिकार थे। उस समय स्त्रियाँ धर्म शास्त्र तथा दर्शन आदि का अध्ययन तक किया करती थीं और वे शिक्षक का कार्य भी करती थीं। आर्थिक क्षेत्र में स्त्रियाँ संपत्ति की संरक्षिका होने के अतिरिक्त उत्पादन में भी हाथ बाँटती थीं। किंतु धीरे-धीरे उनकी स्थिति का पतन होने लगा और उन्हें पुरुषों के अधीन रखने के हेतु बहुत से नियमों का प्रतिपादन होने लगा।

वात्सल्य = දරු සෙනෙහස      उत्पादन = නිෂ්පාදනය

(ख) निम्नलिखित गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए। (10 अंक)

"ඉක්මන් කරන්න. අපි දැන් මෙතනින් යා යුතුයි. පරක්කු වුනොත් අපට යාගන්න බැරි වේවි. කෝ දෙන්න ඔය බෑග්එක."

සේකර මා දෙසට අත දිගු කරමින් පැවසුවේය.

"අපි කොහෙන්ද යන්නේ? හතර වටේ ම උන් ඉන්නවා. මට නම් හරි බයයි සේකර."

"හරි ඔයා මගේ පිටිපස්සෙන් එන්න. කිසි දේකට බය වෙන්න එපා."

සේකර හෙමින් හෙමින් ඉදිරියට ඇදුනේය. වජිරා ඔහු පිටුපසින් ගමන් කළාය. හදිසියේ ම වජිරා හමුදාවේ වාහනයක් දුටුවාය.

"සේකර අර බලන්න, අර බලන්න. අතන ඉන්නේ අපේ හමුදාවේ අය. අපි ඉක්මනට ඒ පැත්තට දුවමු."

අත දිගු කරනවා = हाथ बढ़ाना

ඉදිරියට ඇදෙනවා = आगे बढ़ना

05. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए लघु उत्तर दीजिए। (20 अंक)

i. भारतीय आर्य भाषा का इतिहास कितने भागों में विभक्त है? उनके नाम लिखिए।
ii. संस्कृत भाषा कौन-सी भारतीय आर्य भाषा के अंतर्गत आती है?
iii. मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं की कालावधि क्या है?
iv. प्राकृत भाषा में लिखित साहित्य क्या है?
v. शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित आधुनिक भारीय आर्य भाषाएँ क्या-क्या हैं।
vi. पंजाबी किस अपभ्रंश से निकली है?
vii. हिंदी की उपभाषाओं के नाम लिखिए।
viii. पहाड़ी हिंदी के अंतर्गत आनेवाली प्रमुख बोलियों के नाम लिखिए।
ix. राजस्थानी हिंदी के अंतर्गत आनेवाली प्रमुख बोलियों के नाम लिखिए।
x. मानक हिंदी किस बोली पर आधारित है?

***